Compensation to the Victims of Railway Accidents

2235. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the number of rail accidents that have taken place in the country during 1991-92, 1992-93, 1993-94 and 1994-95;

(b) the number of passengers injured and the number of passengers dead on account of such accidents; and

(c) the total amount actually disbursed as compensation to the passengers concerned or their relatives?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) to (c) The details are given below:—

Year	No. of consequential train accidents	No. of passengers Killed	Passengers injured	Compensation paid (Rs. in lakhs)
1991-92	538	98	451	275.94
1992-93	524	96	467	237.16
1993-94	520	179	446	178.01
1994-95	501	84	427	54.59

प्रधान मंत्री की मलेशिया यात्रा

2236. **श्री सतीश अग्रवाल:**
श्री गोविन्दराव आदिक:
श्री प्रमोद महाजन:
श्री रामदास अग्रवाल:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री ने हाल ही में मलेशिया की यात्रा की थी;

(ख) यदि हां, तो उनकी यात्रा के दौरान किन-किन विषयों पर विचार-विमर्श किया गया;

(ग) क्या भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक संबंध को मजबूत बनाने के लिए कोई कदम उठाये गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया): (क) जी हां। प्रधानमंत्री 2 से 5 अगस्त, 1995 तक मलेशिया की यात्रा पर गये थे।

(ख) द्विपक्षीय संबंधों से संबद्ध परस्पर हित के मामलों, और क्षेत्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

(ग) और (घ) जी हां। भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उपाय इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू थे। उन क्षेत्रों की संभावनाओं का पता लगाया गया जिनमें व्यापार और आर्थिक सहयोग का विस्तार किया जा सके। यह सहमति हुई कि दोनों सरकारें व्यावसायिक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष प्रयास करेंगी। प्रधानमंत्री जी ने मलेशिया के व्यवसायियों के एक विशाल समूह को संबोधित किया और भारत के साथ व्यापारिक और आर्थिक सहयोग के लिए उपलब्ध नए अवसरों की उन्हें जानकारी दी। निवेशों के संबंधन और संरक्षण के लिए एक अन्तर-सरकारी करार तथा राजमार्गों के विकास में सहयोग के लिए एक अन्तर-सरकारी समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। इस यात्रा के दौरान एक 24 सदस्यीय उच्च-स्तरीय व्यवसायिक प्रतिनिधिमण्डल क्वालालम्पुर गया था और मलेशिया के व्यवसायी समुदाय के साथ उनकी बातचीत सकारात्मक रही। सहयोग और निवेश के विकास और संवर्धन में सहायता करने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ और मलेशियाई औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। पांच निगमित करारों/समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर हुए। व्यापारिक संबंध बढ़ाने से संबंधित भारतीय पक्ष के सुझावों के प्रति प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।